**11/09**/202**5**

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बाढ़ प्रभावित उत्तराखंड के लिए 1200 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता की घोषणा की है। देहरादून में श्री मोदी ने राज्य के प्रभावित क्षेत्रों में बाढ़ की स्थिति, बादल फटने, बारिश और भूस्खलन से हुए नुकसान की समीक्षा की। प्रधानमंत्री ने लोगों की मदद के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने बाढ़ और संबंधित आपदाओं में मृतकों के परिजनों के लिए दो-दो लाख रुपये और गंभीर रूप से घायल लोगों के लिए 50-50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि की भी घोषणा की। प्रधानमंत्री ने कहा कि अनाथ हुए बच्चों को पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना से सहायता मिलेगी।

0000000000000000000000

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लखनऊ, तिरुवनंतपुरम, त्रिची, कालीकट और अमृतसर हवाई अड्डों पर फास्ट ट्रैक इमिग्रेशन-ट्रस्टेड ट्रैवलर प्रोग्राम का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य तेज़, सुगम और सुरक्षित इमिग्रेशन क्लियरेंस के साथ अंतर्राष्ट्रीय आवागमन को सुगम बनाना है। यह अन्य देशों से आने वाले भारतीय नागरिकों और प्रवासी भारतीय नागरिकों (OCI) के लिए और अधिक सुविधा प्रदान करेगा।

00000000000000000000000

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज IASV त्रिवेणी के महिला जलयात्रा अभियान को भारत के इतिहास में एक ऐतिहासिक क्षण बताया, जिसे आने वाली पीढ़ियाँ गर्व के साथ याद रखेंगी। श्री सिंह ने आज मुंबई के गेटवे ऑफ इंडिया से भारतीय सेना के नौकायन पोत (IASV) त्रिवेणी पर सवार होकर विश्व जलयात्रा अभियान पर निकले थल सेना, नौसेना और वायु सेना की 10 महिला अधिकारियों वाले पहले महिला दल 'समुद्री प्रदक्षिणा' अभियान को वर्चुअली हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

00000000000000000000000

प्रशासनिक सुधार आयोग के अध्यक्ष, आईएएस रिटायर्ड प्रमोद जैन, ने आज राजभवन, ईटानगर में राज्यपाल, लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक से मुलाकात की। बैठक में उन्होंने उन तरीकों पर चर्चा की जिनसे प्रशासनिक सुधार जनता के विश्वास को मजबूत कर सकते हैं, जमीनी स्तर के संस्थानों को सशक्त बनाने के साथ ही सेवा वितरण को और बढ़ावा दे सकते हैं, जिससे राज्य में समावेशी विकास और सुशासन का मार्ग प्रशस्त होगा। इस दौरान राज्यपाल ने अरुणाचल प्रदेश के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए प्रशासनिक ढांचे को मजबूत करने के महत्व को रेखांकित किया।

00000000000000000000000

मुख्य सचिव मनीष कुमार ने आज सभी उपायुक्तों सहित हितधारकों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से राज्य स्तरीय समन्वय समिति की पहली बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में आगामी 8वें स्वच्छता ही सेवा अभियान की तैयारियों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक के दौरान, मुख्य सचिव ने भारत सरकार द्वारा जारी की गई समय-सीमा का कड़ाई से पालन करने पर ज़ोर दिया और शहरी मामलों के आयुक्तों एवं जन स्वास्थ्य विभाग को नगर निगम और जिला अधिकारियों के साथ साप्ताहिक समीक्षा बैठकें आयोजित करके अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

0000000000000000000000

शिकागो में विश्व धर्म संसद में स्वामी विवेकानंद के ऐतिहासिक भाषण की स्मृति में आज विवेकानंद केंद्र विद्यालय, निरजुली में विश्व बंधुत्व दिवस समारोह का आयोजन किया गया जिसमें पापुमपारे उपायुक्त विशाखा यादव ने शिर्कत की। सभा को संबोधित करते हुए, उपायुक्त ने शिक्षित और ज़िम्मेदार युवाओं के एक समूह को तैयार करने में वीकेवी की महत्वपूर्ण भूमिका पर ज़ोर दिया।

0000000000000000000000

नवनियुक्त APPSCCE 2024 अधिकारियों ने आज आईजी पार्क, ईटानगर में एक वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया। इन अधिकारियों ने कुल चयनित अधिकारियों के तहत 140 पौधे लगाए, जो एक हरित और टिकाऊ अरुणाचल प्रदेश के लिए काम करने की उनकी प्रतिज्ञा और प्रतिबद्धता का प्रतीक है। इस अभियान का उद्देश्य न केवल हरित क्षेत्र को बढ़ाना, बल्कि ज़िम्मेदारी और जनसेवा का एक सशक्त संदेश भी देना था।

0000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के 15 जिलों तवांग, ईस्ट कामेंग, वेस्ट कामेंग, पाके केसांग, पापुम पारे, लोअर सुबनसिरी, अपर सियांग, लोअर सियांग, ईस्ट सियांग, वेस्ट सियांग, लेपा रादा, दिबांग वैली, लोअर दिबांग वैली, आंजाव और लोंगदिंग के लिये अगले 24 घंटों मे ग़रज के साथ बोजली गिरने और बहुत तेज बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

0000000000000000000000

लेयु वेलफेयर सोसाइटी की महिला शाखा ने तागिन कल्चरल सोसाइटी की महिला शाखा के तत्वावधान में पुलिस विभाग के सहयोग से आज सिकारिजो में नशा जागरूकता पर एक दिवसीय नशा जागरूकता अभियान का आयोजन किया।

पुलिस विभाग के रिसोर्स पर्सन ने अपर सुबनसिरी में हाल ही में दर्ज नशीली दवाओं के दुरुपयोग एवं उससे होने वाले खतरों और उससे संबंधित घटनाओं की भी जानकारी दी।

0000000000000000000000

और बैडमिंटन में, भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी, आज थाईलैंड के पीराचाई सुकफुन और पक्कापोन तीरात्साकुल को हराकर हांगकांग ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुँच गए। दुनिया की नौवें नंबर की इस जोड़ी का अगला मुकाबला कल मलेशिया से होगा।

0000000000000000000000